## खबर संक्षेप

### डिप्टी कलेक्टर ने दूर दराज से आए लोगों की सुनी समस्याएं

**शहडोल।** डिप्टी कलेक्टर श्रीमती एंटोनिया एक्का ने जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में शहडोल जिले के ग्राम पड़मनिया निवासी विमला साहू ने किसान सम्मान निधि योजना के तहत राशि दिलवाने, ग्राम कठौतिया निवासी मिठाईलाल ने सडक़ निर्माण, शहडोल होमवार्ड के पास निवासी बृजेंद्र कुमार तिवारी ने मुआवजा राशि दिलवाने, ग्राम खैरहा निवासी आकाश कोरी ने व्यवसाय हेतु आर्थिक सहायता राशि दिलवाने हेतु आवेदन किया। डिप्टी कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अन्य प्राप्त आवेदनों को कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर प्रेषित कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक श्री विपिन पटेल, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग प्रज्ञा मरावी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

### बीएलओ करेंगे पवित्र स्थल अमरकंटक का भ्रमण एवं देखेंगे मूवी

**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह की पहल पर जिले के प्रथम 100 बीएलओ को निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मैपिंग के साथ 100 प्रतिशत डिजीटलाइजेशन का कार्य करने पर पवित्र स्थल अमरकंटक के माँ नर्मदा नदी के उद्गम स्थल, माई की बगिया सहित अन्य धार्मिक एवं दर्शनीय स्थलों का अवलोकन करेंगे, बीएलओ एवं उनके परिवारजनो को मूवी भी दिखाई जाएगी। यह पहल उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित करने तथा उन्हें प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

### कलेक्टर ने एसआईआर के तहत किए जा रहे कार्यों का किया निरीक्षण



**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत जिला मुख्यालय के मतदान केंद्र 184 में किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बी.एल.ओ. को निर्देश दिए कि एसआईआर के कार्यों को निर्धारित समय सीमा में सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि एसआईआर कार्य में संलग्न सभी कर्मचारियों का सहयोग लेते हुए मतदाताओं से प्राप्त गणना पत्रक को बी.एल.ओ. ऐप में शत प्रतिशत दर्ज करें। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अपने समक्ष बीएलओ ऐप में गणना पत्रक में प्राप्त डाटा को दर्ज भी कराया एवं मतदाताओं की संख्या, गणना पत्रक वितरण की स्थिति सहित अन्य जानकारियां भी संबंधित बीएलओ से प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग सहित संबंधित बीएलओ उपस्थित रहे।

### बाणगंगा से चल रहा परिवहन कार्यालय

# होटल अमन पैलेस बना आरटीओ का दफ्तर

शहडोल का क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इन दिनों गंभीर चर्चाओं में है। आरोप है कि क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) श्रीमती अनपा खान ने सरकारी कार्यालय को छोड़कर बाणगंगा स्थित होटल अमन पैलेस से ही पूरा विभाग संचालित करना शुरू कर दिया है। शिकायत यह भी है कि अधिकांश सरकारी कार्यवाही उनके पति संभालते हैं। इससे भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और मनमानी के आरोपों ने जोर पकड़ लिया है और विभाग की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।





शहडोल।

परिवहन विभाग का क्षेत्रीय कार्यालय लगातार विवादों में है। जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती अनपा खान पर आरोप है कि उन्होंने सरकारी दफ्तर छोडक़र बाणगंगा स्थित होटल अमन पैलेस को ही अपना अस्थायी कार्यालय बना लिया है। होटल के दो कमरों से पूरा परिवहन विभाग चल रहा है, एक कमरे में ऑपरेटर और बाबू बैठते हैं, जबकि दूसरे में स्वयं आरटीओ मैडम। बताया जाता है कि सप्ताह में वे कुछ ही बार मूल कार्यालय पहुंचती हैं और अधिकांश समय होटल को ही प्रशासनिक केंद्र की तरह इस्तेमाल करती हैं। वाहन मालिकों और बस संचालकों का कहना है कि होटल में शिफ्टिंग के बाद अधिकांश कामों के दाम तीन से चार गुना बढ़ा दिए गए हैं। यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि मैडम खुलेआम कहती हैं कि पहले के आरटीओ से ज्यादा वसूली करनी पड़ती है, क्योंकि वे यहां कमाने के लिए आई हैं।

#### गार्ड कर रहे बाबू का काम

कार्यालय में स्टाफ तैनाती को लेकर भी गंभीर आरोप सामने आए हैं। चपरासी को कंप्यूटर ऑपरेटर बना दिया गया है। दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को बाबू की जिम्मेदारी थमा दी गई है। गार्ड, जिन्हें दरवाजे पर तैनात होना चाहिए, वे होटल अमन पैलेस के भीतर बैठकर फाइलें संभालते, दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाते और चालान तैयार करते दिखाई देते हैं। जब कुछ कर्मचारियों ने इन अनियमितताओं पर आपत्ति उठाई, तो बताया जाता है कि आरटीओ ने उन्हीं लोगों को गार्ड घोषित कर दिया, ताकि उन्हें मुख्य कार्यों से बाहर किया जा सके। पिछले महीने पुराने बस स्टैंड के पास देर रात आरटीओ की टीम पर छत्तीसगढ़ की बस के यात्रियों और चालक-परिचालक से अभद्रता करने के आरोप भी लगे थे। विवाद बढ़ते ही मैडम अमरकंटक एक्सप्रेस पकडक़र भोपाल रवाना हो गईं, जबकि उनके साथी वसूली और विवाद में उलझते रहे।

#### मैडम के पति के हाथों में विभाग

शहडोल परिवहन कार्यालय पर सबसे बड़ा आरोप यह है कि आरटीओ मैडम के पति अधिकांश सरकारी कार्य स्वयं संभालते हैं। एजेंट और वाहन मालिक बताते हैं कि कार्यालय पहुंचने वाला हर व्यक्ति होटल अमन पैलेस की ओर मोड़ दिया जाता है। वहां मैडम के पति स्वयं काम के रेट तय करते हैं। कई कागजात और फाइलों को वे ही आगे बढ़ाते हैं। दिवाली के दौरान वे कई जगह मिठाई और गिफ्ट बांटते भी नजर आए, जिससे विभाग में उनके सक्रिय हस्तक्षेप की पुष्टि होती है। वसूली और मनमाने रेट के आरोपों ने आम जनता की परेशानी बढ़ा दी है। जिन कामों के लिए कभी साधारण शुल्क लगता था, अब उनके लिए मोटी रकम तय की जा रही है।

### रेलवे स्टेशन में बोतल क्रस मशीन में फंसा युवक का हाथ

## काटना पड़ा पंजा, तीन घंटे तक चला रेस्क्यू

शहडोल।



रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 में अचानक बीती रात उस समय हडक़ंप मच गया जब एक यात्री का हाथ बोतल क्रस मशीन में फंस गया, 3 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद मशीन को कटर से कटवाया गया,तब कहीं जाकर यात्री की जान बच पाई,लेकिन उसका हाथ का पंजा कटवाना पड़ा। रेस्क्यू के दौरान आरपीएफ प्रभारी एवं जीआरपी का दल एवं रेलवे के डॉक्टर मौजूद रहे। आरपीएफ ने बताया कि उमरिया जिले के मानपुर का रहने वाला सत्यम गुप्ता 25 वर्ष शहडोल से मनेन्द्रगढ़ जाने के लिए रीवा चिरमिरी से यात्रा करने के लिए उसने शहडोल रेलवे स्टेशन से मनेन्द्रगढ़ तक की टिकट ली थी और वह ट्रेन का इंतजार कर रहा था,तभी वह अपने हाथ में एक बोतल रखा हुआ था,जिसे उसने क्रस मशीन में डाला होगा, इस दौरान उसका हाथ उस मशीन में अंदर फंस गया। आरपीएफ के अनुसार सत्यम नशे में था, घटना के बाद उसने चीखना चिल्लाना शुरू किया। इसके बाद आस-पास खड़े यात्री मौके पर पहुंचे और सत्यम के हाथ को मशीन से निकालने की कोशिश की गई, लेकिन लोगों की कोशिश नाकाम रही। रात्रि में रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 01 पर रेलवे पुलिस के जवान गस्त कर रहे थे । यात्रियों ने इसकी जानकारी रेलवे के पुलिस कर्मियों को दी, जिसके बाद आरपीएफ थाना प्रभारी मनीष तिवारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और रेलवे के टेक्निकल स्टाफ को भी बुलाया गया। मशीन को चाबी से खोला गया, लेकिन सत्यम का हाथ का पंजा मशीन में चकनाचूर हो गया था। जिसे निकलना नामुमकिन था, टेक्निकल स्टाफ ने मशीन को कटर से काट कर यात्री की जान बचाई है। इस रेस्क्यू में लगभग तीन घंटे का समय लगा, इस दौरान रेलवे के डॉक्टर भी मौके पर मौजूद रहे। कटर मशीन से बोतल क्रस मशीन को काट कर सत्यम का हाथ निकल कर उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। आरपीएफ थाना प्रभारी ने कहा मेडिकल कॉलेज में यात्री को भर्ती कराया गया, जहां उसके हाथ के एक पंजे को डॉक्टरो ने काट दिया है।

### कलेक्टर ने 4 बीएलओ को किया सम्मानित



**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत (एसआईआर) विधानसभा क्षेत्र जयसिंहनगर के मतदान केंद्र उधिया के सभी मतदाताओं के गणना फार्मो का ऑनलाईन डिजीटलाईजेशन का कार्य 100 प्रतिशत करने पर बीएलओ श्री राजपाल यादव, मतदान केंद्र 224 हर्री बीएलओ श्री दिनेश परौहा, मतदान केंद्र 260 हर्री बीएलओ श्री मनेलाल बैगा एवं मतदान केंद्र 132 खन्नौधी बीएलओ श्री रामनारायण कुशवाहा को एस. आई. आर. कार्य के तहत मतदाताओं से प्राप्त गणना पत्रक का 100 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन करने पर प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने सराहनीय कार्य के लिए दोनों बीएलओ को बधाई देते हुए कहा कि यह प्रयास मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं उसे अद्यतन करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती एंटोनिया एक्का ने भी उक्त बीएलओ को मतदाताओं के गणना फार्मो का ऑनलाईन डिजिटलाइजेशन का कार्य 100 प्रतिशत करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## एसआईआर के कार्य में पार्षद दें अपना सहयोग: जिला निर्वाचन अधिकारी

### कलेक्टर ने पार्षदों के साथ की बैठक

शहडोल।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने शहडोल नगरपालिका क्षेत्रांतर्गत निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत किये जा रहे कार्यो में प्रगति हेतु नगरीय निकाय क्षेत्र के समस्त पार्षदो से अपील करते हुए कहा कि एसआईआर कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें जिससे शत-प्रतिशत मैपिंग के साथ एसआईआर का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जा सकें। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया गया कि बी.एल.ओ. मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदाताओ सें संपर्क कर एसआईआर का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा की मतदाता एसआई आर के फॉर्म में पूर्ण सही एवं स्पष्ट जानकारी भरकर संबंधित बीएलओ को देना सुनिश्चित करें।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में शहडोल जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान 2026 चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले में बीएलओ, बीएलओ सुपरवाईजर एवं एसआईआर कार्य में संलग्न कर्मचारियो द्वारा मतदाताओ से प्राप्त गणना पत्रक के डाटा को बीएलओ ऐप में डिजिटलाइजेशन का कार्य निरंतर किया जा रहा है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमृता गर्ग, अध्यक्ष नगर पालिका शहडोल घनश्याम जायसवाल सहित वार्ड पार्षद उपस्थित रहे।

## कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई



**शहडोल।** कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में शहडोल जिले की तहसील जैतपुर ग्राम खम्हरिया निवासी सेमबाई पति छोटेलाल सिंह ने अपनी पुत्री राजवती सिंह की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर मिलने वाली सहायता राशि दिलाने, जयसिंहनगर तहसील के ग्राम बाकीबराह निवासी चन्द्रकली बैगा ने आंगनवाड़ी भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता की जांच कराने संबंधी, सोहागपुर तहसील के ग्राम कठौतिया निवासी उपसिया कोल ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र की जांच कराने, ब्यौहारी तहसील के ग्राम समान निवासी अतुल सिंह वैस ने ग्राम पंचायत समान में निर्मित सीसी रोड की गुणवत्ता की जांच कराने के लिए आवेदन जनसुनवाई में दिए। कमिश्नर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य अवेदकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन कमिश्नर को दिए। जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, उपायुक्त राजस्व श्रीमती निमिषा पाण्डेय सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने लूटकांड का किया सनसनीखेज खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में लगातार हो रही लूट की घटनाओं के बीच पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए लूटकांड का खुलासा कर दिया है। फरियादी राजकुमार पटेल, निवासी ग्राम तेंदुआड ने दिनांक 22 नवम्बर को थाना ब्यौहारी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 21 नवम्बर की रात उन्हें और उनके परिवार को बदमाशों ने निशाना बनाया। फरियादी ने बताया कि वे अपनी पत्नी के साथ क्रिस्टा ज्योति स्कूल, ब्यौहारी से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे रेलवे ब्रिज से आगे गोदावल मौहार पहुँचे, एक अज्ञात युवक ने उनकी पत्नी से पर्स छीनकर 12,000 रुपये लूट लिए। घटना के कुछ ही क्षण पहले उसी आरोपी ने उनके आगे जा रहे विजय पटेल, निवासी तेंदुआड, को रास्ता रोककर चाकू दिखाया और 4,000 रुपये छीन लिए। दोनों घटनाओं के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। मामला गंभीर होने पर पुलिस ने तुरंत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने त्वरित और लगातार की गई कार्रवाई में लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों को धरदबोचा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान प्रिंस उर्फ पियूस नामदेव पिता हीरालाल नामदेव, उम्र 23 वर्ष, निवासी मार्तंडगंज, थाना ब्यौहारी, और रामयज्ञ सिंह गोंड पिता रामकपाल सिंह गोंड, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम अंबाडार, थाना देवलोंद, जिला शहडोल के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने वारदात स्वीकार कर ली तथा उनके कब्जे से लूटी गई नगदी और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद कर लिए गए हैं। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी ब्यौहारी ऋषभ छारी के नेतृत्व में उप निरीक्षक मोहन पड़वार, प्रधान आरक्षक नरेंद्र उपाध्याय, आरक्षक अमर सिंह, जावेद और गंगा सिंह की भूमिका बेहद अहम और सराहनीय रही।



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के दूर दराज से आए आवेदको की समस्याओं को सुना तथा निराकरण के लिए आवेदन संबंधित विभाग की ओर प्रेषित किया । जनसुनवाई मे वीरेंद्र बैगा ग्राम कोहका ने योग्यता को देखते हुए खेल शिक्षक के पद पर नियुक्ति दिलाने, मगरू ग्राम तेंदुहा ने सह खातेदार की भूमि से विधिवत नक्शा तरमीम कराने, शासकीय महाविद्यालय के छात्र ने खेल मैदान उपलब्ध कराने, अंजू बैगा चंदवार ने पीएम आवास के तहत व्दितीय किश्त दिलाने, प्रतिज्ञा विश्वकर्मा बाजारपुरा नौरोजाबाद ने टीसी दिलाने तथा गुड्डी सिंह पठारीकला ने रूकी दिव्यांग पेंशन दिलाने हेतु आवेदन किया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

### सीईओ ने किया एसआईआर का अवलोकन



**उमरिया।** सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने मतदान केंद्र क्रमांक 270 पिनौरा, मतदान केंद्र क्रमांक 251 कोहका 82, मतदान केंद्र क्रमांक 255 छुईहाई, मतदान केंद्र क्रमांक 252 करनपुरापुरा, मतदान केंद्र क्रमांक 186 घुलघुली तथा मतदान केंद्र क्रमांक 187 परसेल मे एसआईआर डिजिटाईजेशन का अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एसआईआर डिजिटाईजेशन कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने एसआईआर का किया अवलोकन











उमरिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने 89 बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होने मतदान केंद्र क्रमांक 113 धनवाही, मतदान केंद्र क्रमांक 46 चंदिया, मतदान केंद्र क्रमांक 75 नौगजा, मतदान केंद्र क्रमांक 57 मझगवां, मतदान केंद्र क्रमांक 61 कौडिय़ा, मतदान केंद्र क्रमांक 72 अखड़ार, मतदान केंद्र क्रमांक 84 बिलासपुर, मतदान केंद्र क्रमांक 81 झांपी, मतदान केंद्र क्रमांक 78 अमदरा , मतदान केंद्र क्रमांक 94 हर्रवाह तथा मतदान केंद्र क्रमांक 130 तामान्नारा में बीएलओ व्दारा किए जा रहे एसआईआर कार्य का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित बीएलओ को निर्देशित किया कि एसआईआर डिजिटाईजेशन के कार्य में तेजी लाएं । इस कार्य को प्राथमिकता के साथ किया जाए । इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरती जाए । निरीक्षण के दौरान उन्होंने कुछ मतदान केंद्रों में स्वयं के सामने डिजिटाईजेशन की प्रक्रिया संपादित करवाई । निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार चंदिया कर्तव्य अग्रवाल,मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा, संबंधित मतदान केंद्रों के बीएलओ भी साथ थे ।

## तीसरे दिन वीरांगना रानी दुर्गावती पर नृत्य नाटिका की दी गई प्रस्तुति




**उमरिया।** जिला मुख्यालय उमरिया के शासकीय कॉलरी स्कूल ग्राउण्ड में मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय जननायक गोण्ड सभ्यता के महानायको पर आधारित प्रस्तुतियों मे तीसरे दिन वीरांगना रानी दुर्गावती पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम का निर्देशन रामचंद सिंह, संगीत किशन राय ने किया । नृत्यक नाटिका के माध्यम से दिखाया गया कि कालिंजर के राजा महाराज कीर्ति सिंह चंदेल की पुत्री दुर्गावती का विवाह गढ़ा के गोण्ड राजवंश के महाराज संग्राम सिंह के पुत्र दलपत शाह से हुआ। दलपत शाह और दुर्गावती दोनों ही अस्त्र-शस्त्र शिक्षा में पारंगत थे, साथ ही दोनों धार्मिक और जनहित के कार्यों में भी रुचि लेते थे। रानी को एक पुत्र पैदा हुआ जिसका नाम वीर नारायण रखा गया। पुत्र अभी छोटा ही था कि दलपत शाह का निधन हो गया। गद्दी पर वीर नारायण को बिठाया गया, लेकिन राजकाज रानी देखती रहीं। मुगल सम्राट अकबर दुर्गावती के सौंदर्य और बहादुरी के चर्चे सुन चुका था और गढ़ा राज्य को अपने अधीन करना चाहता था। इस हेतु उसने रानी को एक सोने का पिंजरा भिजवाया। रानी पिंजरा भेजने का आशय समझ गईं और उन्होंने जवाब में उतने ही वजन का सोने का पिंजरा भिजवाया, जिसे जुलाहे लोग काम में लाते हैं। अकबर पिंजरा देखकर आगबबूला हो गया और उसने अपने सूबेदार आसिफ खां को हमला करने के लिए हुक्म जारी कर दिया। पहले हमले में आसिफ खां ने शिकस्त खाई, लेकिन लगातार दूसरे हमले में रानी बहादुरी के साथ लड़ती हुई वीरगति को प्राप्त हो गईं। चौरागढ़ के किले में उनके किशोर वय के वीर पुत्र वीर नारायण भी लड़ते हुए शहीद हुए। किले के अंदर की सैकड़ों महिलाओं ने जौहर कर लिया। मातृभूमि की रक्षा करने के लिए महारानी दुर्गावती का बलिदान हमारे सामने एक ऐसा आदर्श उदाहरण है, जो हजारों वर्ष तक समस्त भारतवासियों को देश के लिए मर-मिटने की प्रेरणा देता रहेगा।इस अवसर पर आशुतोष अग्रवाल,मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह ठाकुर, उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग अमन कुमार दुबे उपस्थित रहे ।

## स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय दिल्ली के दल ने किया निरीक्षण



**उमरिया।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय दिल्ली के दल द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के पर्यवेक्षक हेतु 9 स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसे मातृ स्वास्थ्य एवं बाल स्वास्थ्य एन एल ई पी,ओरल हेल्थ,एनपीपीसीडी, एनपीपीसी, ब्लॉक बैंक एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों का अवलोकन किया । भारत सरकार स्वास्थ्य मंत्रालय से आए दल द्वारा जिला चिकित्सालय उमरिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करकेली एवं धमोखर ,आयुष्मान आरोग्य मंदिर सरसवाही खुर्द, बंधवाबारा विकासखंड पाली एवं परासी एवं बरबसपुर विकासखंड मानपुर का निरीक्षण किया जिसमें राष्ट्रीय कार्यक्रमों के संचालन क्रियान्वयन एवं विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण किया गया। दल द्वारा गर्भवती माता को मिल रही सेवाएं एवं पंजीयन व शासन के द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओ की जानकारी हितग्राहियों से रूबरू होकर प्राप्त की वहीं स्वास्थ्य संस्थानों में दी जा रही सेवाओं ओपीडी पैथोलॉजी टीबी की जांच उमंग स्वास्थ्य केंद्र की परामर्श सेवाओ वैक्सिन स्टोर लेबर रूम बच्चो के टीकाकरण,परिवार कल्याण कार्यक्रम के प्रबंधन एवं रिकॉर्ड रिव्यू किया गया एवं उपस्थित स्टाफ का इंटरव्यू लिया गया।

## श्रम संहिताओं के खिलाफ आज देशव्यापी प्रदर्शन



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं एटक मध्य प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष हरिद्वार सिंह ने कहा कि नए श्रम संहिताओं ने मजदूरों के दशकों पुराने अधिकारों पर सीधी चोट की है। देश की 10 प्रमुख श्रमिक संगठनों, कर्मचारी संगठनों और संयुक्त किसान मोर्चा के संयुक्त आहवान पर 26 नवम्बर 2025 को राष्ट्रीय स्तर पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। हरिद्वार सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा बनाए गए नए लेबर कोड का असली उद्देश्य हायर एण्ड फायर प्रणाली को बढ़ावा देना है इससे मजदूर-वर्ग की सुरक्षा, सौदेबाजी की ताकत और रोज़गार की स्थिरता गम्भीर रूप से प्रभावित होगी। हरिद्वार सिंह ने कहा कि नए श्रम संहिताएं मजदूर सुरक्षा खत्म करती हैं, यूनियन सौदेबाजी कमजोर करती हैं, हड़ताल अधिकार बाधित करती हैं और स्थायी नौकरियों को फिक्स टर्म कान्ट्रैक्ट में बदल देती हैं। हरिद्वार सिंह ने बताया कि भोपाल के सभी श्रमिक संगठन एवं कर्मचारी संगठन शाम 5:30 बजे डाक भवन (गवर्नमेंट प्रेस के सामने) एकत्र होंगे और विशाल रैली व सभा का आयोजन करेंगे। उन्होंने सभी संगठनों से अपील की कि वे झंडे व प्लेकार्ड लेकर बड़ी संख्या में पहुंचें, ताकि मजदूर और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ सशक्त आवाज उठाई जा सके।

### आदतन अपराधी पर जिलाबदर की कार्रवाई

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने पाठक वार्ड भट्टा मोहल्ला कटनी निवासी बादल खान पिता रफीक खान 24 वर्ष के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर आगामी 6 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है। कलेक्टर ने जिला बदर की यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है। बादल खान वर्ष 2014 से ही अपराध करते चला आ रहा है। इसके विरूद्ध थाना कोतवाली एवं थाना रंगनाथ नगर क्षेत्र मे आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें जान से मारने ने की नीयत से हमला करना, जुआं खेलना, एक्सीडेंट करना, अवैध रूप से शस्त्र कब्जे में रखना, जान से मारने की धमकी देना, जातिसूचक अपमानित करना, अवैध शराब का विक्रय करना जैसे गंभीर अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा बादल के विरूद्ध समय-समय पर वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई

## जमीन विवाद का मामला पहुंचा थाने



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** जमीनों के दाम बढ़ने के बाद से लगातार विवाद भी सामने आते रहते हैं। हाईवे रोड बन जाने के बाद हाईवे व उसके आसपास से लगी जमीनों के दाम बढ़ने के बाद से लगातार विवाद भी सामने आते रहते हैं। रविवार को हाईवे के समीप वन डिपो के पास जमीनी विवाद एवं जान से मारने की धमकी देने को लेकर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। आशीष सराफ निवासी कोतमा ने थाने में शिकायत करते हुए बताया कि उनके स्वामित्व की जमीन पर आलोक कुमार गोयनका निवासी बाजार वार्ड क्रमांक 2 के द्वारा बलपूर्वक मजदूर लगाकर कब्जा किया जा रहा है। मना करने पर जान से मारने की धमकी देने के साथ ही रसूख का धौंस दिखाया जा रहा है। जानकारी अनुसार उक्त जमीन को लेकर दोनों पक्षों के द्वारा पूर्व से विवाद बना हुआ था जिसका प्रकरण भी न्यायालय में चल रहा था। रविवार को आलोक गोयनका के द्वारा दो दर्जन से ज्यादा मजदूरों को लगाकर जमीन पर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया जिसके बाद आशीष सराफ ने उक्त घटना की फोटो वीडियो बनाते हुए सोशल मीडिया पर वायरल कर जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया एवं थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई। पुलिस के द्वारा दोनों पक्षों के दस्तावेजों को मंगाते हुए विवेचना कर रही है।

### विश्व एड्स दिवस 1 दिसम्बर को, स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम होगा आयोजित

**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.एस.चंदेल ने बताया कि विश्व एड्स दिवस 1 दिसम्बर को मनाया जाएगा। इस वर्ष विश्व एड्स दिवस की थीम (व्यवधान पर काबू पाना एड्स प्रतिक्रिया में बदलाव लाना) निर्धारित है। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एच.आई.वी./एड्स जन जागरूकता हेतु रैली, पोस्टर, प्रतियोगिता ओपन क्विज, किकेट स्पर्धा, साईकिल रैली, इसके साथ साथ शहर के प्रमुख चौराहो /बाजारों पर मानव श्रृंखला निमार्ण एवं अन्य जागरूकता का आयोजन किया जाना है।

उन्होने बताया कि 1 दिसंबर को प्रातः 8.30 बजे जिला चिकित्सालय उमरिया से प्रभात फेरी रैली का आयोजन किया गया है,जो जिला चिकित्सालय जय स्तम्भ होते हुए गाँधी चौराहे पर पहुंचेगी। इस दौरान एच0आई0व्ही0 एड्स से बचाव उपचार एवं इसकी रोकथाम संबंधी समस्त जानकारी प्रदान दी जाएगी । स्वास्थ्य विभाग के समस्त चिकित्सा अधिकारी, कर्मचारी, सेक्टर सुपरवाईजर, स्टॉफ नर्स, एड्स विभाग के परामर्शदाता एंव लैब टेक्नीशियन, सुपरवाईजर एस.टी.एस., एस.टी.एल.एस. जिले की समस्त आशा कार्यकर्ता अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। कार्यकर्ता तथा पैरामेडिकल की महाविद्यालय एवं पैरामेडिकल कॉलेज उमरिया में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की एच.आई.व्ही./ एड्स विषय पर संगोष्ठी, परिचर्चा, निबंध लेखन का भी आयोजन प्राचार्य के माध्यम से किया जावे। अतः प्राचार्य इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। उन्होने बताया कि विश्व एड्स दिवस 1 दिसम्बर पर स्वैच्छिक रक्तदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया है । रक्तदान कोई भी व्यक्ति कर सकता है । ऐसे व्यक्ति जो 15 से 65 वर्ष का स्वास्थ्य हो जिनका हिमोग्लोबिन 12 ग्राम से अधिक एवं उसका वजन 45 किलोग्राम से ऊपर हो, प्रत्येक तीन माह के बाद रक्तदान कभी भी कर सकते है। जो भी व्यक्ति रक्त देता है उसकी पूर्ति 7 दिवस के अंदर हो जाती है। जिले के समस्त विभाग अधिकारी स्कूल एवं कॉलेज के छात्र/छात्राओ एन.जी.ओ. ग्रुप के सहयोगी जिले के जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक पत्रकारिता से संबंधित जन एवं जनसाधारण व्यक्ति जिला चिकित्सालय उमरिया में प्रातः 8.30 बजे से स्वैच्छिक रक्तदान कर सकते है।

## एसआइआर कार्य में लगे निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को कार्य में प्रगति लाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र के निर्देशानुसार कटनी जिला सहित नगर निगम सीमा में भी मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य किया जा रहा है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा इस कार्य में सहयोग प्रदान करने तथा कार्य के दौरान गणना पत्रक भरने संबंधी नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु निगम कार्यालय सहित जोन कार्यालयों में दो शिफ्ट में प्रातः 9 बजे से रात्रि 12 बजे तक निगम के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुए हेल्पडेस्क की स्थापना की है।

उन्होंने बीएलओ के सहयोग हेतु नियुक्त निगम के सहायक दल और ऑनलाइन फीडिंग कार्य में लगे डाटा एंट्री ऑपरेटर्स, हेल्पडेस्क के कर्मचारियों को एसआईआर के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त सुश्री परिहार ने निगम कार्यालय व जोन कार्यालय में संलग्न कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों जैसे हेल्पडेस्क से नागरिकों की समस्याओं के निराकरण की स्थिति, गणना पत्रकों के वितरण व कलेक्शन एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराकर डिजिटलाइजेशन के कार्य में अधिकारियों के सहयोग आदि के कार्यों की समीक्षा कर प्रतिदिन अधिक से अधिक गणना पत्रकों का डिजिटलाइजेशन में सहयोग प्रदान कर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए है। निगमायुक्त ने निगम के जोन प्रभारियों को इस कार्य की सघन मॉनिटरिंग करने हेतु भी निर्देशित किया है।

निगमायुक्त ने बीएलओ के कार्य में सहयोग हेतु नियुक्त निगम के कर्मचारियों को बी एल ओ के साथ वार्ड का भ्रमण कर उनका आवश्यक सहयोग कर गणना पत्रक वितरण एवं संग्रहण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। एसआईआर में ऑनलाइन फीडिंग के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटर्स को भी एंट्री कार्य में गति लाने के आवश्यक निर्देश निगमायुक्त सुश्री परिहार ने दिए है।

निगमायुक्त ने हेल्पडेस्क में नागरिकों की गणना प्रपत्र संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु नियुक्त निगम कर्मियों के कार्यों की समीक्षा कर शत प्रतिशत नागरिकों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से करते हुए गणना प्रपत्र भरवाने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश भी हेल्पडेस्क में संलग्न कर्मचारियों को दिए है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ एवं सहयोगियों को किया गया सम्मानित

*निगमायुक्त ने दिये प्रशस्ति पत्र, कार्य पूर्ण होने पर मिलेगी मूवी टिकट*



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम(एसआईआर) के अंतर्गत गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन में बेहतर कार्य करने वाले 93- मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ को संयुक्त तहसील भवन में आयोजित कार्यक्रम में निगमायुक्त एवं नगर निगम क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी तपस्या परिहार और रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एस डी एम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने 20 बीएलओ व सुपरवाइजर सहित उनके सहयोगियों को स्मृति चिन्ह,पेन, डायरी प्रशस्ति पत्र और पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान मुंडवारा विधानसभा क्षेत्र के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, तहसीलदार कटनी ग्रामीण अजीत तिवारी, तहसीलदार नगर आशीष अग्रवाल, नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह बघेल, हर्षवर्धन रामटेके व अवंतिका तिवारी और बीएलओ तथा बीएलओ सुपरवाइजर मौजूद रहे। निगमायुक्त तपस्या परिहार ने गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन कार्य में अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के पूरा होने के बाद उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मूवी टिकट भी दिया जायेगा।

अनुविभागीय/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 93 मुडवारा में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण 2026 में SIR के तहत विधानसभा स्तर में मतदान केन्द्रों में गणना पत्रकों के डिजिटाईजेशन के कार्य में 80 प्रतिशत से अधिक उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ एवं सुपरवाईजर को सम्मानित किया गया। इसमें बीएलओ सुपरवाईजर श्री अवधेश दाहिया मतदान केंद्र क्रमांक 271 से 280 तक में 80.10 प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन करने पर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार मतदान केन्द्र क्रमांक 273 के बीएलओ एम एल रैदास ने गणना पत्रक का 99.05 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया है।

मतदान केन्द्र क्रमांक 291 देवरी सानी के बीएलओ त्रिलोक सिंह ने 98.85 फीसदी, मतदान केन्द्र क्रमांक 275 देवरी की बीएलओ प्रेमलता नामदेव ने 96.57फीसदी तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 49 मड़ई के बीएलओ चितेंन्द्र सिंह ने 95.89 फीसदी डिजिटाइजेशन कार्य पूरा कर अन्य बीएलओ के लिए मिसाल बन गये हैं।

### धरा गया तस्कर, 12 हजार रूपए कीमती गांजा जब्त

**कटनी।** स्लीमनाबाद पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक आरोपी को 1.197 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया, जिसकी कीमत लगभग 12,000 रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया तथा एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। पुलिस के अनुसार रात्रि क्षेत्र भ्रमण के दौरान पुलिस टीम ने रजा मार्बल के पास, लक्ष्मी गौड़ मार्बल रोड, ग्राम छपरा में एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में देखा। वह लाल धारीदार सफेद थैला लिए पुलिस को देखकर भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने उसका पीछा कर घेराबंदी करते हुए उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके थैले से 1.197 किलो गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मुकेश साहू पिता पुरुषोत्तम साहू 47 वर्ष निवासी कटरा मोहल्ला, सिहोरा जिला जबलपुर बताया।

खबर संक्षेप



### तेज रफ्तार बाईक सवार की सडक़ दुर्घटना में मौत

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में रफ्तार का आतंक एक बार फिर सामने आया, जब तेज रफ्तार बाइक दीवार से टकराने से 18 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा तडक़े आखेटपुर गांव में हुआ, जहां एक अनियंत्रित बाइक सीधा दीवार से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार संत कुमार कोल निवासी कटिया झर ग्राम बोचरो, ने बैठी अवस्था में ही दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने तेज धमाके की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचकर घटना की सूचना पुलिस को दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। हादसा उस स्थान पर हुआ जहां एक दुकान स्थित है। हादसे के वक्त दुकान बंद थी, वरना नुकसान और भी बड़ा हो सकता था। परिजनों ने बताया कि संत कुमार सुबह बाइक लेकर अपने दोस्त के पास जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी बाइक अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक अपनी सीट पर ही मृत अवस्था में मिला और आसपास खून फैला हुआ था, जिससे हादसे की गंभीरता साफ झलकती है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हेलमेट होता तो शायद उसकी जान बच सकती थी। यातायात पुलिस लगातार शहर में हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता को लेकर जागरूकता अभियान चलाती है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अब भी नियमों को गंभीरता से नहीं लेते। संत कुमार भी बिना हेलमेट के बाइक चला रहा था, जिसका नतीजा उसे अपनी जान देकर चुकाना पड़ा।

### एसआईआर में लगे शिक्षकों पर अत्यधिक दबाव

**शहडोल।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ शहडोल ने एसआईआर कार्यों में लगे शिक्षकों पर बढ़ते दबाव और अक्टूबर माह का वेतन अब तक न मिलने को लेकर गंभीर नाराजगी जाहिर की है। संघ के अध्यक्ष लालजी तिवारी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि जिले के हजारों शिक्षक, विशेषकर प्राथमिक शिक्षक, त्योहारी सीजन दशहरा और दीपावली बीत जाने के बावजूद आज तक वेतन से वंचित हैं, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। विज्ञप्ति के अनुसार एसआईआर में नियुक्त शिक्षकों पर अत्यधिक कार्यदबाव डाला जा रहा है, जबकि वे पहले से ही कई प्रकार की प्रशासनिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। इसी बीच संघ ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि स्वर्गीय प्राथमिक शिक्षक श्री मनीराम नापित, जो पूर्ण रूप से एसआईआर कार्य में लगे हुए थे, उन्हें भी मृत्यु से पूर्व वेतन प्राप्त नहीं हुआ था, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं व्यवस्था की गंभीर विफलता को दर्शाता है। संघ का कहना है कि इस मामले में कई बार अधिकारियों से चर्चा की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया है। संगठन ने कलेक्टर डॉ. केदार सिंह से अपील की है कि दिवंगत शिक्षक के परिवार को जीआईएस, बीमा, आपदा सहायता राशि सहित सभी देयकों का तत्काल प्रावधान कराया जाए, ताकि शोकग्रस्त परिवार को राहत मिल सके। इसके साथ ही शिक्षक संघ ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि अक्टूबर माह का लंबित वेतन स्वर्गीय मनीराम नापित सहित सभी प्राथमिक शिक्षकों को तुरंत जारी किया जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि शिक्षकों को 25 दिन बीत जाने के बाद भी वेतन न मिलना न केवल प्रशासनिक लापरवाही है, बल्कि शिक्षण व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला कदम भी है।



## दुर्घटना के डेढ़ माह बाद काली पूजा हुई, पंप लगाने में हो रही देर

# कंपनी की लेट लतीफी से अमलाई ओसीएम प्रबंधन की बेचैनी बढ़ी







**सोहागपुर एरिया की सबसे चर्चित खदान अमलाई ओसीएम इन दिनों धीमे काम, प्राइवेट कंपनी की सुस्ती और दुर्घटना के बाद की जटिलताओं को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई है।**

धनपुरी।

12 अक्टूबर 2025 को हुए हादसे ने न सिर्फ काम की रफ्तार रोक दी, बल्कि कोयला उत्पादन की रीढ़ को भी कमजोर कर दिया है।श्रमिकों की मानें तो आरकेटीसी कंपनी की लापरवाही,और मशीनों का अधूरा उपयोग इस ठहराव के सबसे बड़े कारण हैं। कालरी प्रबंधन को इस समय कोयले की तात्कालिक जरूरत है, लेकिन पानी, दुर्घटना और कछुआ चाल कार्यप्रणाली ने हालात बेहद कठिन बना दिए हैं।अथाह पानी बना सबसे बड़ी चुनौती,दो मशीनें अब भी समाई हुईंपुरानी खदान के तल में भरे गहरे पानी ने स्थिति और गंभीर कर दी है। हादसे में हालपैक और डोजर मशीन पानी की गहराइयों में समा गईं थीं।हादसे को 45 दिन से अधिक बीत चुके हैं, पर पानी आज तक खाली नहीं हो पाया है। दिल्ली की कंपनी द्वारा लाए गए छह हाई-कैपेसिटी पंप भी प्लेटफॉर्म (ठीहा) पाइप लाइन न बन पाने के कारण चालू नहीं हो सके हैं। विशेषज्ञों के अनुसार पानी की मात्रा इतनी ज्यादा है कि निकासी शुरू होने पर ही अनुमान लगेगा कि इसे खाली करने में कितने सप्ताह लगेंगे।आरकेटीसी कंपनी की कार्यशैली पर सवाल ,मशीनें 'दफ्तर में खड़ी', फील्ड खालीखदान क्षेत्र में श्रमवीरों का कहना है कि—कंपनी के पास पर्याप्त मशीनें मौजूद हैं, पर फील्ड में गिनती की ही मशीनें काम कर रहीं,कई बड़ी मशीनें कंपनी कार्यालय के सामने बेकार खड़ी हुई हैं।यदि कंपनी सभी मशीनों को सक्रिय करे, तो ओबी कार्य में गति लाई जा सकती है, लेकिन वर्तमान हालात देखकर लगता है कि कोयला उत्पादन सामान्य होने में अभी लंबा समय लगेगा।हादसा—फिर सुस्ती, अब अनिश्चिततानई कंपनी द्वारा काम शुरू होते ही बड़ा हादसा हो जाना और उसके बाद कार्य गति का धीमा पड़ जाना, दोनों ने खदान को अवरुद्ध कर दिया है।लगभग 15 दिन खदान पूरी तरह बंद रही। ओबी डंपिंग की दूरी बढ़ने से लोडिंग और ढुलाई दोनों पर असर पड़ा। डीजीएमएस के सुरक्षा निर्देशों के कारण कंपनी अतिरिक्त सावधानी मोड पर है।पर मजदूरों का कहना है कि सावधानी अपनी जगह है, लेकिन अत्यधिक सुस्ती ने काम को ठप कर दिया है।श्रमवीरों की चर्चा—"मां काली की पूजा नहीं की इसलिए काम में बाधा"?खदान क्षेत्र में यह चर्चा भी है कि अरबों के प्रोजेक्ट की शुरुआत के समय कंपनी ने मां काली की परंपरागत पूजा नहीं की, जो वर्षों से यहां की खदानों में होते आई है। दुर्घटना के बाद 24 नवंबर को कंपनी के अधिकारियों द्वारा काली मंदिर में विधिपूर्वक पूजा-पाठ और प्रसाद वितरण किया गया।लोगों का मानना है कि सुरक्षा और आस्था—दोनों को साथ लेकर चलना जरूरी है।सबकी निगाहें अब पानी निकासी परवर्तमान परिस्थितियों में,पानी खाली होना,मशीनें बाहर निकालना, ओबी कार्य को गति देना —ये तीनों ही कदम खदान को पटरी पर लाने की सबसे पहली जरूरत हैं।काम की धीमी रफ्तार देखते हुए यह कहना मुश्किल नहीं कि अमलाई ओसीएम की



चुनौतियाँ अभी खत्म नहीं हुई हैं। प्रबंधन को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में हालात सुधरेंगे— और पहले जैसा कोयला मिलेगा सबएरिया मैनेजर, खान प्रबंधक ओबी, कोयला निकासी के लिए प्रयासरत है।

## सतखुरी की सुधा जायसवाल बनीं उत्कृष्ट BLO का नया प्रतीक

# शत प्रतिशत अपलोडिंग से बढ़ा गौरव



देवलौद

विधानसभा निर्वाचन कार्य वर्ष 2026 के अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 74 ने प्रशंसनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए निर्धारित समय सीमा से पहले शत प्रतिशत ऑनलाइन गणना पत्रक अपलोडिंग कार्य पूरा कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी शहडोल केदार सिंह ने बूथ लेवल अधिकारी सुधा जायसवाल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम सतखुरी क्रमांक–2 (महिला एवं बाल विकास परियोजना ब्यौहारी), को विशेष सम्मान प्रदान किये।कलेक्टर द्वारा दिया गया यह सम्मान सुधा जायसवाल की कर्तव्यनिष्ठा, तेज कार्यशैली, सटीक निष्पादन, तथा निर्वाचन प्रक्रिया में उत्कृष्ट समन्वय क्षमता को दर्शाता है। उन्होंने निर्वाचन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अत्यंत सावधानी और दक्षता के साथ दायित्वों का निर्वहन कर समय से पूर्व कार्य पूरा किया, जिससे क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत हुआ।उनकी इस सफलता पर शैक्षणिक समाचार समूह, टेसू पर्यावरण संरक्षण दल देवलौद समूह, किसान एवं मजदूरों की आवाज समूह, समाजसेवी सिद्धार्थ अग्निहोत्री, अधिवक्ता रामवरण पाण्डेय 'तूफानी', कर्मचारी नेता विनायक पाण्डेय, धीरेन्द्र पाण्डेय (उच्च शिक्षक), आर.के. नामदेव (व्याख्याता), चन्द्र प्रताप शुक्ल (बीआरसी, रामनगर), मनीलाल सिंह (सरपंच सतखुरी), गंगा पाल (पूर्व सरपंच सतखुरी), अजय जैसवाल (अतिथि शिक्षक संघ पदाधिकारी), पंकज शुक्ला (अतिथि शिक्षक संघ पदाधिकारी), बीरेंद्र बैस, श्रीकांत पाण्डेय तथा स्थानीय नागरिकों ने बधाई व्यक्त करते हुए कहे कि "सुधा जायसवाल ने सतखुरी और ब्यौहारी क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

# प्रदूषण से आमजन के लिये बढा खतरा

ब्योहारी

जनप पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत साखी में भारत यादव द्वारा लगातार फैलाई जा रही प्रदूषण क्योंकि अभी लगभग एक माह



पहले एक बैल मारा बीमार होकर जो भारत ओंकार के द्वारा बंधा के नीचे फेका गया उस गंदगी से मोहल्ला वासियो ने किसी कदर कुछ समय बिताया कि कुता भी वही पर फेक दिया कुछ दिन बाद एक गाय मरी जो वहीं पर फेंक दिया है जिसकी सूचना हम लोगों ने ग्राम पंचायत सरपंच हीरालाल साकेत को दिया और ऐसे उद्दंड व्यक्ति के लिए शासन प्रशासन से मांग है कि कार्यवाही की जाए ताकि यह प्रदूषण और बिमारी से जनता बच सके।

# डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों को रोकने का संकल्प

## बीके हिमांशु भाई ने दी डिजिटल वेलनेस व साइबर सुरक्षा पर कड़ी चेतावनी

**शहडोल।** तेजी से फैलते डिजिटल अपराध, साइबर फ्रॉड व मानसिक स्वास्थ्य पर डिजिटल लत के खतरनाक प्रभावों को देखते हुए ब्रह्माकुमारी मेडिटेशन सेंटर धनपुरी/बुढ़ार एवं ब्रह्माकुमारीज आईटी विंग माउंट आबू द्वारा डिजिटल वेलनेस एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था, बढ़ते साइबर अपराधों से लोगों को सचेत करना और तकनीक के सुरक्षित, नियंत्रित उपयोग की सीख देना।
व्याख्यान में प्रशिक्षक ब्रह्मा कुमार हिमांशु भाई ने स्पष्ट कहा कि डिजिटल युग जितना सुविधाजनक है, उतना ही खतरनाक भी। साइबर अपराधी लगातार नए तरीके खोज रहे हैं और डिजिटल अज्ञानता के कारण लोग आसानी से ऑनलाइन ठगी, डेटा चोरी और साइबर ब्लैकमेलिंग के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि आज



मोबाइल और इंटरनेट जीवन का हिस्सा बन चुके हैं, लेकिन इन पर अत्यधिक निर्भरता मानसिक तनाव, चिंता, एकाग्रता की कमी और साइबर धोखे का बड़ा कारण बन रही है। हिमांशु भाई ने डिजिटल वेलनेस से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं स्क्रीन टाइम प्रबंधन, तकनीक-मुक्त क्षेत्र, नींद की स्वच्छता, सोशल मीडिया का मानसिक प्रभाव और साइबर सुरक्षा—पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल उपकरणों का अनियंत्रित उपयोग न केवल युवाओं को साइबर अपराधों के निशाने पर ला रहा है, बल्कि उनकी मानसिक सेहत को भी गंभीर नुकसान पहुँचा रहा है। उन्होंने बताया कि बहुत कम उम्र से बच्चे डिजिटल स्क्रीन के आदी हो रहे हैं, जो माता-पिता के लिए एक बड़ा खतरे का संकेत है। बच्चों और युवाओं के लिए साइबर जागरूकता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि मोबाइल का उपयोग कम करें, संदिग्ध लिंक, अनजान कॉल और फर्जी ऑनलाइन ऑफर्स से दूरी बनाए रखें और किसी भी साइबर धोखे की आशंका होने पर तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन से संपर्क करें।
बी.के.हिमांशु भाई ने कहा कि डिजिटल वेलनेस कार्यक्रम का उद्देश्य तकनीक को छोड़ देना नहीं, बल्कि उसका जिम्मेदार और सचेत उपयोग सिखाना है। उन्होंने लोगों को उपकरण-मुक्त क्षेत्र बनाने, भोजन व सोने के समय मोबाइल दूर रखने, नीली रोशनी के दुष्प्रभाव समझने और अनप्लगिंग की आदत विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों से बचाव का सबसे बड़ा हथियार सतर्कता है। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी सेंटर कोयलांचल की प्रमुख बीके रीता दीदी, बीके प्रवीण भाई, बीके जोया दीदी उपस्थित रहे।

## पुष्पराजगढ़ में यूनिटी मार्च अंतर्गत जिला स्तरीय पदयात्रा का हुआ आयोजन

# सांसद ने किया जिला स्तरीय यूनिटी मार्च का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

सांसद शहडोल संसदीय क्षेत्र श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा देश की अखंडता और एकता को मजबूत करने में दिया गया योगदान अविस्मरणीय है। सांसद ने कहा कि सरदार पटेल के दूरदर्शी नेतृत्व, अटूट इच्छाशक्ति और अदम्य देशभक्ति ने सैकड़ों रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर नए भारत की नींव रखी। सरदार पटेल ने जिस दृढ़ता और निष्ठा से देश को एकजुट किया, वह आज भी प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे राष्ट्रीय एकता, सुरक्षा और विकास के लिए अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें। कार्यक्रम में अधिकारी-कर्मचारियों, जन प्रतिनिधियों और नागरिकों ने एकता की शपथ ली तथा देश की प्रगति में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। सांसद श्रीमती सिंह आज अनूपपुर जिले के




पुष्पराजगढ़ में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अंतर्गत यूनिटी मार्च के तहत जिला स्तरीय पदयात्रा कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। कार्यक्रम को पूर्व विधायक सुदामा सिंह सिंग्राम ने भी संबोधित किया।

### सांसद ने किया यूनिटी मार्च का शुभारंभ

जिला स्तरीय यूनिटी मार्च के अंतर्गत जिला स्तरीय पदयात्रा का शुभारंभ सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह द्वारा पुष्पराजगढ़ के शिवरी चंदास चौराहा से किया गया। पदयात्रा पुष्पराजगढ़ की प्रमुख गलियों से होते हुए महर्षि एंग्लो जर्मन अंग्रेजी मीडियम स्कूल परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। देशभक्ति के गीतों से ओत-प्रोत इस मार्च में छात्र-छात्राओं एवं युवा वर्ग ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम में पुष्पराजगढ़ के स्थानीय गुदुम दल, शैला दल एवं छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। रंगारंग कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर कार्यक्रम के माहौल को उत्साह और आनंद से भर दिया।

### खेल अधिकारी का किया सम्मान

सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने नेहरू युवा केंद्र के अधिकारी आदित्य सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सांसद ने उनके द्वारा युवाओं के विकास तथा आयोजन की सफल रूपरेखा में दिए जा रहे योगदान की सराहना करते हुए निरंतर उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने उपस्थित जनसमूह को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प दिलाया। साथ ही नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का आव्हान किया। सांसद ने कहा कि आत्मनिर्भरता और नशा मुक्त समाज ही राष्ट्र को सशक्त बना सकते हैं।

# एसआईआर के बढ़ते दबाव में बीएलओ शिक्षक की मौत

शहडोल।

जिले के सोहागपुर तहसील के बांधटोला संकुल अंतर्गत पदस्थ प्राथमिक शिक्षक मनीराम नापित 54 की सोमवार शाम अचानक हृदयघात से हुई मौत ने पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश की लहर पैदा कर दी है। मृतक शिक्षक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के रूप में लगातार फील्ड में काम कर रहे थे और परिजनों के अनुसार अत्यधिक कार्यदबाव के चलते उनकी तबीयत बिगड़ी।

जानकारी के अनुसार सोमवार शाम मनीराम नापित पतेरिया गांव में मतदाताओं से दस्तावेज व प्रपत्र भरवा रहे थे। इसी दौरान किसी अधिकारी का फोन आया। कॉल खत्म होते ही उनकी हालत अचानक खराब होने लगी। घबराहट महसूस होते ही उन्होंने अपने बेटे आदित्य नापित को फोन कर स्थिति बताई। बेटा तत्काल वाहन लेकर पहुंचा और पिता को घर लाया, लेकिन स्वास्थ्य और बिगडऩे पर उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। अस्पताल पहुँचने से पहले ही उनकी मृत्यु हो गई। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



परिजन रो-रोकर आरोप लगा रहे हैं कि बीते कई दिनों से मनीराम नापित पर एसआईआर कार्य का भारी दबाव था। पत्नी ममता नापित के अनुसार वे रात-रातभर फॉर्म भरने, डिजिटाइजेशन करने और अधिकारियों के लगातार आने वाले मोबाइल निर्देशों से मानसिक तनाव में थे। शुगर और बीपी के मरीज होने के बावजूद उन्हें रोजाना फील्ड में दौड़-धूप करनी पड़ रही थी। बेटे आदित्य ने बताया कि पिता कई बार कहते थे, बहुत ज्यादा प्रेशर है, यह काम अब संभल नहीं रहा। सबसे दुखद पहलू यह रहा कि मौत के 15 घंटे बाद भी न तो विभागीय अधिकारी और न ही प्रशासनिक अधिकारी मनीराम नापित के घर संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। सुबह 9 बजे तक केवल रिश्तेदार और ग्रामीण ही परिजनों को संभालते रहे। परिवार का दर्द साफ झलक रहा है, एक ईमानदार शिक्षक, जिसने अंतिम दिनों तक अपने बूथ क्रमांक 212 के 676 मतदाताओं में से 453 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन कार्य पूरा कर 67 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की, उसे विभागीय तंत्र से एक शब्द सांत्वना तक नहीं मिला।

स्थानीय शिक्षकों और ग्रामीणों ने कहा कि एसआईआर का काम इस वर्ष बेहद कठिन और दबावपूर्ण रहा। फॉर्म भरने, दस्तावेज सत्यापन और डिजिटाइजेशन के साथ-साथ पोर्टल की धीमी गति ने स्थितियों को और खराब बना दिया। कई बीएलओ रातभर जागकर सिस्टम पर रिपोर्टिंग पूरी करने को मजबूर हुए। लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अधिकारियों द्वारा दबाव की शैली नहीं बदली गई, तो ऐसी त्रासद घटनाएं और बढ़ सकती हैं।

ग्रामीणों तथा परिजनों ने सरकार से मांग की है कि मृतक शिक्षक के परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए तथा बीएलओ कार्य में मानवीय रवैया अपनाने के निर्देश जारी किए जाएं। मंगलवार को मनीराम नापित का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### बच्चों को दी गई सुरक्षा व साइबर जागरूकता की कड़ी समझाइश

**शहडोल।** बच्चों में बढ़ते अपराधों व ऑनलाइन खतरों को देखते हुए महिला थाना शहडोल की टीम ने शासकीय हाई स्कूल कंचनपुर, थाना बुढ़ार में मुस्कान अभियान के तहत महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को गुड टच-बैड टच, महिला संबंधी अपराधों, साइबर क्राइम, ऑनलाइन सुरक्षा और व्यक्तिगत सुरक्षा उपायों के बारे में स्पष्ट, कठोर और व्यवहारिक जानकारी दी गई। टीम ने बच्चों को समझाया कि किसी भी अनुचित स्पर्श, धमकाने, बहलाने-फुसलाने या गोपनीयता बनाए रखने के दबाव की स्थिति में वे बिना डरे तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षकों या पुलिस को सूचना दें। साइबर अपराधों से बचने के लिए छात्रों को अनजान



व्यक्तियों से ऑनलाइन बातचीत से बचने, संदिग्ध लिंक या फाइल न खोलने, निजी जानकारी साझा न करने तथा किसी भी शंका पर तत्काल हेल्पलाइन 1098 पर संपर्क करने की सलाह दी गई। महिला थाना प्रभारी रामकुमार गायकवाल तथा उपनिरीक्षक वर्षा बैगा ने बच्चों को वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि लापरवाही कैसे गंभीर अपराधों का कारण बन सकती है। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें संभावित अपराधों से सतर्क करना रहा। महिला पुलिस की यह पहल स्कूल के बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हुई है।

## खबर संक्षेप

### केसरिया ध्वज से सुसज्जित अयोध्या के साक्षी बने देशवासी



अनूपपुर। वर्तमान सरकार की अगुवाई में समूचे भारत वर्ष में सनातनी ध्वज को विश्व पटल पर स्थापित करने के निरंतर प्रयास देशवासियों को आशान्वित कर रहे हैं और समस्त सनातनियों के लिए गौरव का विषय है कि अयोध्या में राम लला की मंदिर निर्माण के बाद आज पुनः सनातनी ध्वज केसरिया का ध्वजारोहण किया गया। परम धर्म सांसद श्रीधर शर्मा ने सरकार की सनातनी सोच की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार की सोच वास्तव में धर्म स्थापना की ओर अग्रसर है जो कि देश में सनातनी परंपरा को स्थापित करने की दिशा में एक मजबूत आधार स्तंभ है। श्री शर्मा ने कहा कि भगवान श्री राम समूचे भारतवर्ष की आत्मा, चेतना, चिन्तन, संप्रभुता, विकास, त्याग, जीवनशैली और गौरव के आधार हैं। समस्त भारतवासियों के लिए यह सौभाग्य की बात है कि 25 नवंबर को सुबह करीब 10 बजे अयोध्या के दिव्य भव्य श्री राम जन्मभूमि मंदिर में पूजन उपरांत दोपहर के समय श्री राम लला के पवित्र मंदिर के शिखर पर केसरिया ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। यह ध्वज भगवान श्री राम के तेज, शौर्य और उनके आदर्शों के साथ-साथ हमारी आस्था, आध्यात्म और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। वर्तमान सरकार का प्रयास आगामी पीढ़ी के लिए ऐतिहासिक अवसर के रूप में याद किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि हमारे चारों पीठों के शंकराचार्य और देश के संत समाज सनातन के आधार स्तंभ हैं और सरकार को सनातन के आधार स्तंभ को मजबूत बनाने की दिशा में मजबूत प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। चारों पीठों के शंकराचार्यों सहित संत समाज को उचित स्थान और सम्मान दिए जाने की आवश्यकता है, जिससे कि एक मजबूत आधार के साथ सनातनी सोच को शिखर पर ले जाने के प्रयास सार्थक सिद्ध हो सकें।

### नवोदय विद्यालय अमरकंटक में आदर्श युवा ग्राम सभा का आयोजन संपन्न



हरिभूमि न्यूज अमरकंटक। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में 25 नवंबर को आदर्श युवा ग्राम सभा कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण मंत्रालय तथा नवोदय विद्यालय समिति के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, प्राचार्य आशीष शुक्ला के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अमरकंटक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चैन सिंह परस्ते उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य आशीष शुक्ला ने पुष्पगुच्छ और श्रीफल भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर, विद्यार्थियों ने सरपंच, सचिव, कृषि सहायक, युवा प्रतिनिधि, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, रोजगार सहायक एवं ग्रामवासी की भूमिकाओं का निर्वहन करते हुए ग्राम सभा की कार्यवाही का जीवंत चित्रण प्रस्तुत किया। ग्राम सभा में विद्यार्थियों ने ग्रामीण जीवन की महत्वपूर्ण समस्याओं जैसे पेयजल, स्वच्छता,खाद-बीज वितरण, आवास, सड़क एवं नाली निर्माण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा, बेरोजगारी, कचरा प्रबंधन जैसे ज्वलंत मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से उठाया और उन पर चर्चा की। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि चैन सिंह परस्ते ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत ग्राम सभा की सराहना करते हुए कहा कि, "ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया की समझ विकसित होती है।"

### 13 दिसम्बर को आयोजित होगा नेशनल लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनूपपुर श्रीमती माया विश्वलाल के निर्देशानुसार जिला अनूपपुर में 13 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है, लोक अदालत में न्यायालयों के राजीनामा योग्य लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। लोक अदालत में विद्युत के लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में सिविल दायित्व की 20 प्रतिशत की छूट एवं ब्याज की राशि में 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती माया विष्वलाल एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर विनोद कुमार वर्मा द्वारा निरंतर इंश्योरेंस कम्पनियों, विद्युत विभाग, बैंक एवं नगरपालिका के अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ बैठकें आयोजित की जा रही है। जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटैल द्वारा आमजन से अपील की है कि स्वयं लाभ उठायें।

## प्रस्ताव तक सिमट कर रह गया एसटीपी निर्माण का मामला

# प्राकृतिक नाले में जा रही नगर की गंदगी, नपा के पास उपाय नहीं







**अधिकांश सार्वजनिक तालाब कागजों में ही गुमशुदा**

हर वर्ष शासन द्वारा तक नमामि गंगे अभियान चलाया जाता है। जिसमें प्राकृतिक जल स्रोतों के साथ-साथ नदी नाले और बावड़ियों की स्वच्छता, गहरी करण तथा इन स्रोतों के समीप किए गए अतिक्रमण को हटाने का कार्य किया जाएगा। हर वर्ष नाम बदलकर आयोजित किए जाने वाले अभियानों के बावजूद भी जिले के प्राकृतिक जल स्रोत समस्या से मुक्त नहीं हो पाए हैं। कोतमा नगर में प्राचीन और प्राकृतिक तालाबों तथा नालों के संरक्षण के लिए कोई भी उपाय नहीं किए जा रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

नगर पालिका कोतमा अंतर्गत बारहमासी नाले और प्राकृतिक तालाबों की तलाश करके उनको संरक्षित करने एवं उसके सौंदर्यीकरण के लिए कोई योजना नहीं बनाई गई। वार्ड नंबर 7 बनिया टोला रोड का सबसे प्राचीन तालाब जो क्षेत्र के जानवरों के पेयजल की व्यवस्था से जुड़ा था वह अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। वहीं दूसरी तरफ बारहमासी नाले पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं। नगर की गंदगी सीवर के माध्यम से इस नाले में जा रही है। एक वर्ष पूर्व नपा के द्वारा एसटीपी निर्माण के लिए शासन के पास प्रस्ताव भेजा गया था। जहां से बजट आने का इंतजार है, बजट आने के पश्चात सीवर लाइन और एसटीपी के निर्माण के बाद ही इन प्राकृतिक स्त्रोतों को गंदगी से मुक्ति मिल पाएगी।

### नाले में नगर की गंदगी

कोतमा नगर से निगवानी एवं मनेंद्रगढ़ की ओर जाने वाले रास्ते में बारहमासी केरहा नाला मौजूद है। वर्तमान में इस नाले में नगर से निकलने वाले सीवर के पानी को मिलाया जा रहा है, जबकि नाले के समीप ही मंदिर भी मौजूद है और पूर्व में इस नाले का उपयोग लोग स्नान करने के लिए करते थे। वर्ष 2022 में तत्कालीन एसडीएम विजय डेहरिया के द्वारा नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया था कि सीवर के पानी को नाले में मिलने से रोका जाए, निर्देश का पालन आज तक नहीं हुआ और नाला बदस्तूर गंदा हो रहा है।

### अनुपयोगी हुआ नाला

कोतमा नगर के स्थानीय लोगों ने बताया कि लगभग दो दशक पूर्व तक इस प्राकृतिक नाला का उपयोग स्नान के लिए किया जाता था। नाले के समीप ही मंदिर भी मौजूद है जहां से स्नान के पश्चात श्रद्धालु मंदिर में पूजा अर्चना भी करते थे। समय बीतने के साथ ही नपा की मनमानी और अनदेखी के कारण नगर की ढाल को देखते हुए इस तरह से नालियों का निर्माण कराया गया कि सीवर का पानी अब सीधे नाले में ही आता है। नाले में स्नान करना तो दूर पास में खड़ा रह पाना भी मुश्किल होता जा रहा है। यही हाल वार्ड क्रमांक 4 मुक्तिधाम के पास केरहा नाले का है जिसमें पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष स्वर्गीय राजेश सोनी के द्वारा डेम का निर्माण करवाया गया था और उनकी यह सोच थी कि आसपास रहने वाले गरीब टपके के लोगों को इस डेम के माध्यम से निस्तार का पानी मिल सकेगा एवं गरीब तबके के लोग इस डेम में स्नान भी कर सकेंगे लेकिन वर्तमान में यह डेम पूरी तरह गंदगी से भरा पड़ा है नगर से निकलने वाले गंदे पानी को सीवर के माध्यम से इसी नाले में मिला दिया गया है जिसके कारण गरीब तबके के लोग गंदगी के बीच स्नान करने को मजबूर हैं। जबकि नाले के गंदगी को लेकर समाजसेवी आशुतोष सराफ के द्वारा नगर पालिका एवं सीएम हेल्पलाइन में शिकायत भी दर्ज करवाई थी लेकिन उससे भी कुछ हल अभी तक नहीं निकल पाया।

### अतीत बन गया तालाब

एक दशक पूर्व तक वार्ड क्रमांक 7 में रेलवे लाइन के ठीक किनारे लगभग 3 एकड़ में तालाब मौजूद था। नपा की मनमानी के कारण वार्ड नंबर 7 के बनिया टोला मुख्य मार्ग कचरा का डंपिग जोन बनकर रह गया है। जहां गंदगी पर आवारा पशु घूमते रहते हैं। नगर पालिका के द्वारा इस पोखर में नगर से उठने वाले कचरे को डंप कराकर इसका अस्तित्व पर खतरा उत्पन्न कर दिया गया। जबकि इस पोखर में मूक जानवर पानी पीकर प्यास बुझाते थे। वर्तमान में स्थिति यह है कि तालाब के नाम पर सिर्फ गंदा पानी ही मौके पर दिखाई दे रहा है। कोतमा नगर में कभी सदाबहार तालाबों की भरमार हुआ करती थी। जैसे-जैसे आबादी बढ़ती गई तालाब सिर्फ कागजों में ही दर्ज होकर रह गए। तालाबों की मेढ से शुरू हुआ अतिक्रमण कांक्रीट के जंगलों में बदलता गया। नपा और राजस्व विभाग के आपसी पत्राचार में अतिक्रमण का तिलिस्म नहीं सुलझा पाया। वर्तमान में स्थिति यह है कि अधिकांश सार्वजनिक तालाब कागजों में ही गुमशुदा हो गए हैं।

## शिकायत का निराकरण नहीं करने पर शास्ति अधिरोपित

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने 41 आवेदन पत्रों में की सुनवाई




हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित किया गया। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 41 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समस्याओं को प्राथमिकता में रखते हुए निराकरण समय-सीमा में करना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगणों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में विकासखण्ड जैतहरी के ग्राम अचलपुर निवासी आवेदक गुलजारी लाल माझी शासकीय तालाब में मत्स्य पालन हेतु पट्टा दिलाए जाने के संबंध में शिकायत लेकर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत हुए। कलेक्टर ने आवेदक की शिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने पर मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग पर 5 हजार रुपये की शास्ति अधिरोपित कर शास्ति की राशि प्रतिकर के रूप में संबंधित आवेदक को उपलब्ध कराया। जनसुनवाई में वार्ड नं. 08 कोतमा निवासी श्रीमती मुन्नी बाई केवट ने अनुकम्पा नियुक्ति दिलाए जाने, तहसील अनूपपुर के ग्राम पिपरिया निवासी गिरजा प्रसाद पटेल ने भूमि के नक्शे में सुधार कराए जाने तथा अन्य आवेदकों ने भूमि का सीमांकन एवं बटांकन कराए जाने, समग्र आईडी में सुधार कराए जाने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने आदि के संबंध में आवेदन दिए।



# कोतमा नगर में आर्यिका संघ का हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

25 नवंबर को कोतमा नगर में आचार्य भगवान श्री 108 विद्यासागर जी महाराज एवं विद्या शिरोमणि आचार्य श्री 108 समयसागर जी महाराज की परम प्रभाविका शिक्षावल्लभ आर्यिका रत्न 105 पूज्य सुम्रति माताजी के नेतृत्व में आर्यिका संघ का मंगल आगमन हुआ। आर्यिका संघ का शाम 4 बजे कोतमा के मुख्य चौराहे मुखर्जी चौक से ढोल-नगाड़ों एवं शोभायात्रा के साथ मंदिर तक भव्य अगवानी किया गया। इस दौरान नगरवासियों में इस आध्यात्मिक अवसर को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। संघ की प्रमुख आर्यिकाओं मे आर्यिका 105 सुम्रति माता जी, शीतलमति माता जी, कर्त्तव्यमति माता जी, श्रुतमती माता जी रहीं। आर्यिका संघ का झारखंड राज्य के गणधर तीर्थ से पदार्पण हुआ जिसकी दूरी कोतमा से लगभग 600 किलोमीटर है। संघ पावन तीर्थराज सम्मेद शिखर जी की ओर बढ़ रहा है। कोतमा नगर को आर्यिका संघ के सत्संग व प्रवचन का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

## श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में ध्वजारोहण हिन्दुओं की ऐतिहासिक विजय -डॉ.प्रवीण तोगड़िया



**निर्माणाधीन संकल्प महाविद्यालय परिसर में श्रीराम मन्दिर निर्माण का किया भूमिपूजन**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

अयोध्या जी में श्री राम जन्मभूमि मन्दिर मे ध्वजारोहण हिन्दुओं का ऐतिहासिक विजय है। हमने लाखों हिन्दू साथियों के साथ चालीस साल संघर्ष किया। आज श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर मे भगवा ध्वज लहरा रहा है। यह पिछले उन लाखों हिन्दुओं के त्याग, तपस्या ,बलिदान का परिणाम है। अब हमारा उद्देश्य है कि देश के सभी हिन्दुओं के घरों मे भगवा ध्वज लहराए। घरों मे भगवा झंडा लहराना तो आसान है। प्रत्येक हिन्दू को अच्छा घर मिले, अच्छी शिक्षा मिले, रोजगार मिले, स्वास्थ्य की व्यवस्था हो तथा किसानों को फसलों की अच्छी कीमत मिले, इसके लिये हम कार्य कर रहे हैं। इस हेतु प्रत्येक गांव, शहर की गलियों, सडकों, चौराहों में शनिवार या मंगलवार को हनुमान चालीस का पाठ और प्रत्येक घर मे ओमश्री परिवार लिखने का अभियान चला रहे हैं। इसके माध्यम से हिन्दू परिवारों की मदद करने की कोशिश कर रहे हैं। मंगलवार को मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में एक दिन के प्रवास पर आयें विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद,राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.प्रवीण तोगड़िया ने आयोजित कार्यक्रम में कही। अयोध्या जी में श्रीराम मन्दिर में भगवा ध्वज लहराने पर कहा कि यह हिन्दुओं का एतिहासिक विजय है। मेरे साथ चालीस साल तक पचास लाख लोगों ने हिन्दुओं को जगाने के लिये संघर्ष किया। पचास लाख कार्यकर्ताओं की मेहनत, आठ लाख स्वयंसेवकों के बलिदान और आठ करोड़ हिन्दुओं के दिये हुए पैसे से बना है। ऐसे सभी हिन्दुओं को मेरा बहुत-बहुत धन्यवाद है। इसके बाद सीतापुर गाँव मे निर्माणाधीन संकल्प महाविद्यालय परिसर पहुंचे। यहाँ उन्होंने श्रीराम मन्दिर निर्माण हेतु भूमि पूजन किया। यहां उन्होंने एक मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित छात्र - छात्राओं को संबोधित किया और उनके प्रश्नों के जवाब दिये। इसके पूर्व उन्होंने बरबसपुर, फुनगा,मझगंवा, कोतमा मे अल्प प्रवास कर कार्यकर्ताओं से भेंट की और उनसे चर्चा की। जहां अलग अलग स्थानों पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद और अन्तर्राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एबं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# मैदानी अमला गंभीरता, पारदर्शिता एवं तत्परता के साथ करें कार्य




हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग का मैदानी अमला अपने कार्यों में और अधिक गंभीरता, पारदर्शिता तथा तत्परता लाए। उन्होंने निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी बताया कि शासन की प्रत्येक संचालित योजना एवं हितग्राही-आधारित सुविधाओं का शत-प्रतिशत लाभ वास्तविक स्थिति के आधार पर पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पर्यवेक्षक आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग गंभीरता के साथ करें, जिससे केन्द्रों में संचालित गतिविधियों की वास्तविक जानकारी प्राप्त हो सके। कलेक्टर श्री पंचोली सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति की समीक्षा करते हुए सभी सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि 3 से 6 वर्ष के बच्चों की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु ठोस और प्रभावी प्रयास किए जाएं। उन्होंने धात्री एवं गर्भवती माताओं के पोषण का पोषण ट्रैकर एप के माध्यम से शत-प्रतिशत सत्यापन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पात्र लाभार्थियों को शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के आधार पर नियमित रूप से पूरक पोषण आहार का वितरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए, ताकि योजनाओं का वास्तविक लाभ सभी तक समय पर पहुँच सके। बैठक में कलेक्टर ने प्रतिदिन आंगनबाड़ी केंद्रों के खुलने की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी केंद्र समय पर खुलें, इसकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा जियो-लोकेशन अपडेट करना अनिवार्य किया जाए, जिससे केंद्रों की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जा सके। कलेक्टर ने पूरक पोषण आहार वितरण प्रणाली को और अधिक सुगम एवं पारदर्शी बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी तक राशन पहुंचाने वाली गाड़ियों की समय-सीमा के आधार पर मॉनिटरिंग की जाए और यदि कोई गाड़ी समय पर राशन नहीं पहुंचा रही है या कार्य में लापरवाही बरत रही है तो उसका टेंडर समाप्त किया जाए। कलेक्टर ने पूरक पोषण आहार वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि एक्टिव-इनएक्टिव, माइग्रेशन तथा अन्य श्रेणियों की विधिवत सूची तैयार कर उसी के आधार पर पूरक पोषण आहार का वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित प्रत्येक योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचे, इसके लिए विभागीय अधिकारी समन्वय स्थापित कर प्रभावी प्रयास करें। कलेक्टर ने सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति की जानकारी भी प्राप्त की। अधिकारियों ने अवगत कराया कि जिले में कुल 180 सक्षम आंगनवाड़ी केंद्र हैं, जिनमें से 165 केंद्रों में पोषण वाटिका, 149 में आरओ मशीन तथा 122 केंद्रों में एलईडी स्थापित की जा चुकी है। शेष केंद्रों में भी ये सुविधाएँ शीघ्र स्थापित की जाएंगी। इस पर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी उपकरण सुचारू रूप से संचालित हों, उनका नियमित वेरीफिकेशन किया जाए तथा इन सुविधाओं का उपयोग शिशुओं के मानसिक एवं शारीरिक विकास हेतु प्रभावी रूप से किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्र की प्रगति, पोषण ट्रैकर एप पर अपार एवं आभा आईडी के अपडेट, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, लाडली बहना योजना, मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना तथा मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। इसके साथ ही सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की स्थिति एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाई जाए तथा पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा के भीतर लाभ सुनिश्चित किया जाए। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायक संचालक श्रीमती मंजूषा शर्मा सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

### रक्तदान शिविर में 38 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। जरूरतमंदों को सहज और सरल तरीके से रक्त की उपलब्धता के लिए जिला स्वास्थ्य समिति अनूपपुर द्वारा जनमानस को रक्तदान जागरूकता का संदेश देते हुए जरूरतमंदों को सहज और सरल तरीके से रक्त उपलब्ध कराने के लिए शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अनूपपुर में आज एचडीएफसी बैंक अनूपपुर के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 38 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। मानवता की सदाशयता के लिए रक्तदान करने वाले रक्तदाताओ को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी ने प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

